ओर्का

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में **ओर्का (Orcas)** के एक समूह ने **स्पेन** के तट पर एक **सेलबोट पर हमला** किया था। वर्ष 2020 से, जिब्राल्टर जलडमरूमध्य के समीप **ओर्का और नावों का** 700 से अधिक बार **आमना-सामना** हुआ है।

- **ओर्का व्यवहार के पीछे के सिद्धांत:**
  - **चंचल व्यवहार:** कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि ओर्का नावों को खेल के रूप में निशाना बना सकते हैं, जहाँ **वे अभ्यास कर नए कौशल** प्राप्त कर सकते हैं।
  - **अभिघातज प्रतिक्रिया:** कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि मित्स्यन के दौरान जाल में उलझने जैसे दर्दनाक अनुभव के कारण ओर्का का व्यवहार आक्रामक हो गया है।
    - कुछ वैज्ञानिकों को संदेह है कि एक **मादा ओर्का (व्हाइट ग्लेडिस)** ओर्का के साथ भी ऐसी ही दर्दनाक घटना हुई थी, जिससे **उसका व्यवहार बदल गया** था।
- **ओर्का के संदर्भ में: ओर्का** या **किलर व्हेल**, डॉल्फिन परिवार के सबसे बड़े सदस्य हैं।
  - ये संवाद करने और शिकार करने के लिये इकोलोकेशन का उपयोग करते हैं।
    - इकोलोकेशन एक ऐसी तकनीक है जिसके तहत **चमगादड़, डॉल्फिन और अन्य जीव-जंतु** परावर्तित ध्वनि का प्रयोग करके वस्तुओं का स्थान निर्धारित करते हैं अर्थात् पता लगाते हैं।
  - प्रत्येक **ओर्का समूह (पॉड)** में **विशिष्ट ध्वनियाँ** होती हैं जिन्हें उसके सदस्य दूर से भी पहचान लेंगे।
  - ये विविध आहार वाले **'शीर्ष शिकारी'** (पोषी स्तर के शीर्ष उपभोक्ता) हैं, जो चार इंच लंबे दाँतों का उपयोग करके **मछली, पेंगुइन, सील, सी-लायन** और यहाँ तक कि व्हेल भी खाते हैं।

//

और पढ़ें: [प्रोजेक्ट डॉल्फिन](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/orcas